दैनिक भास्कर

# मिर्जापुर में नकली शराब का धंधा:स्प्रिट में केमिकल और रंग मिलाकर बना रहे थे नकली शराब, खेत में बना रखी थी फैक्ट्री, एक गिरफ्तार

**मिर्जापुर**



- खेत में बने ट्यूबवेल के अंदर बन रही थी भारी मात्रा में नकली शराब, भाग निकले चार आरोपी

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में नकली शराब बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गई है। चील्ह थाना पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। खेत में बने ट्यूबवेल के अंदर यह फैक्ट्री चल रही थी। चोरी-छुपे बड़ी मात्रा में नकली शराब बनाए जाना का काम हो रहा था। इस अवैध कारोबार का पुलिस ने भंडाफोड़ कर दिया और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस टीम को 45 पेटी में 2025 बोतलें मिलीं। इसके अलावा शराब बनाने का केमिकल एवं नकली रैपर, पैकिंग मशीन, शराब बनाने के उपकरण सहित टाटा सफारी एवं दो मोटर साइकिल मुजेहरा खुर्द में छापामार कर खेत में बने टयूबेल के अंदर चल रही अवैध शराब की फैक्ट्री से बरामद किया।

**मुखबिर की सूचना पर की छापेमारी**

जिले में अवैध शराब की मिल रहे शिकायत पर सक्रिय हुई टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम मुजेहरा खुर्द में छापा मारा। खेत में बने टयूबवेल के अंदर चल रही अवैध शराब की फैक्ट्री और हजारों बोतल देख पुलिस भी चौंक गई । मौके से भदोही जनपद के औराई थाना क्षेत्र के खमरिया निवासी रोहित शर्मा पुत्र शशिकान्त शर्मा को गिरफ्तार किया, जबकि पांच अन्य व्यक्ति भागने में सफल हो गए। छापेमारी के दौरान 45 पेटी नकली देसी शराब कुल 2025 शीशी, नकली रैपर आदि बरामद किया।

**शराब बनाकर लगा देते हैं नकली रैपर**

गिरफ्तार रोहित शर्मा ने पूछताछ में बताया कि पांच साथी स्प्रिट में केमिकल व रंग मिलाकर नकली शराब तैयार करते हैं। उनको शीशियों में भर कर उस पर नकली लेवल, ढक्कन व नकली क्यूआर कोड लगाकर असली शराब के रूप में बेचते हैं। बाकी फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

Source: https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/varanasi/news/fake-liquor-capture-in-mirzapur-one-arrested-128525378.html